# प्रेस–विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में आज दिनांक 02 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 08:00 बजे महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती के पावन अवसर पर आयोग के मा0 अध्यक्ष डॉ0 रविदत्त गोदियाल द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष द्वारा अपने सम्बोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया। डॉ. गोदियाल द्वारा आह्वान किया गया कि हमें इन दोनों महान विभूतियों के जीवनवृत्त से प्रेरणा लेकर पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ देश, राज्य एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की प्रगति में अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए और अहिंसा, सामाजिक सौहार्द्र को अपने जीवन में धारित करना चाहिए। इस अवसर पर मा0 सदस्य श्री अनिल कुमार राणा, सचिव श्री गिरधारी सिंह रावत, वित्त नियंत्रक श्री लखेन्द्र गोथियाल तथा अन्य समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

2/10/25

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव